# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
# गोरखपुर-273001

(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

*सम्बद्ध*

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : *dnpggkp@gmail.com*
website : www.dnpgcollege.edu.in


दिनांकः 12–05–2026

## प्रकाशनार्थ

## शिक्षक शिक्षा विभाग में विदाई एवं सांस्कृतिक समारोह का आयोजन
## प्रशिक्षु प्रांजल पाण्डेय मिस्टर फेयरवेल तथा तन्नु जायसवाल को मिस फेयरवेल चुना गया

आज दिनांकः 12/05/2026 को दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गोरखपुर के शिक्षक–शिक्षा विभाग में द्वितीय सेमेस्टर के प्रशिक्षुओं द्वारा चतुर्थ सेमेस्टर के प्रशिक्षुओ हेतु विदाई एवं सांस्कृतिक समारोह कार्यक्रम–'विगमन' का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का औपचारिक शुभारम्भ मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो. (डॉ.) ओ.पी. सिंह एवं विभाग के समस्त प्राध्यापकगण द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया । तत्पश्चात प्रशिक्षु अंजलि, अनुष्का एवं वैष्णवी के द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया गया । प्रशिक्षुओं के द्वारा मुख्य अतिथि जी का माल्यार्पण एवं पौधा देकर स्वागत किया गया । स्वागत गीत प्रशिक्षु श्रृष्टि और सुधा द्वारा प्रस्तुत किया गया । प्रशिक्षु कुंदन भारतीय द्वारा एक विडियो क्लिप के द्वारा यादों को पिरोकर प्रस्तुत किया गया । सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में प्रशिक्षु मुस्कान जायसवाल द्वारा गीत, ज्ञानेश नापित द्वारा गज़ल, विशाल सिंह द्वारा कविता प्रस्तुत किया गया। प्रशिक्षु प्रतिमा पाण्डेय एवं नेहा दुबे के द्वारा विदाई गीत की प्रस्तुति की गई ।

कार्यक्रम की अगली कड़ी में **प्राचार्य प्रो. (डॉ.) ओम प्रकाश सिंह जी के** द्वारा आशीर्वचन एवं शुभकामनाएं दी गईं जिसके अंतर्गत उन्होंने प्रशिक्षुओं को अभिप्रेरित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को अपने उत्तरजीविता को अपने कौशल से बढ़ाना है ताकि हम इस प्रतिस्पर्धी युग में आगे रह सकें । जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति हेतु एक समय सीमा का होना जरूरी है ताकि एक समयबद्ध रुप से लक्ष्य की प्राप्ति कर सकें । अपने उद्‌बोधन में उन्होंने कहा कि शिक्षक–शिक्षा विभाग सदैव से प्रयोगधर्मिता एवं नवाचार में आगे रहा है । प्रशिक्षुओं को उनकी उपलब्धि के लिए प्रमाण–पत्र प्रदान किये गये । विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों तथा प्रतियोगिताओं के द्वारा मिस्टर फेयरवेल प्रशिक्षु प्रांजल पाण्डेय तथा मिस फेयरवेल तथा मिस फेयरवेल प्रशिक्षु तन्नु जायसवाल को चुना गया । प्रशिक्षु सुधा यादव के द्वारा मुख्य अतिथि जी एवं समस्त उपस्थित सम्मानित लोगों के प्रति आभार ज्ञापित किया गया । कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षु गार्गी त्रिपाठी एवं सुर्यान्शू शुक्ला के द्वारा प्रभावशाली एवं रोचक ढंग से किया गया । इस अवसर पर विभाग की प्रभारी **प्रो. (डॉ.) शुभ्रा श्रीवास्तव, वरिष्ठ प्राध्यापक श्री अरुण कुमार तिवारी, डॉ. सुभाष चन्द्र, श्री राकेश कुमार सिंह, श्री प्रदीप यादव, श्री गोपाल सिंह** सहित समस्त प्रशिक्षु उपस्थित रहे ।

**(शैलेश कुमार सिंह)**
**प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क**